*This Question Paper contains 16 printed pages.*
***(Part - A & Part - B)***

Sl.No. 0124653

# 14 (H)

**(MARCH, 2017)**

| |
|---|
| પ્રશ્ન પેપરનો સેટ નંબર જેની સામેનું વર્તુળ OMR શીટમાં ઘટ્ટ કરવાનું રહે છે. |
| **Set No. of Question Paper, circle against which is to be darken in OMR sheet.** |
| **01** |

**Part - A : Time : 1 Hour / Marks : 50**
**Part - B : Time : 2 Hours / Marks : 50**

## (Part - A)

***Time : 1 Hour]*** ***[Maximum Marks : 50***

**सूचनाएँ :**

1) इस प्रश्न पत्र में **Part - A** में वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल **50** प्रश्न है । सभी प्रश्न अनिवार्य है ।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या **1** से **50** है । हरेक प्रश्न का गुण **1** है ।

3) प्रश्न पुस्तिका को अच्छी तरह पढ़ना और सही विकल्प को लिखना ।

4) आपको अलग से दिए गये **O.M.R** पत्रक में प्रश्नों के सामने (A) O, (B) O, (C) O और (D) O दिए गये है । जिस प्रश्न का उत्तर सही हो उस विकल्प के गोलाकार को पेन से पूर्ण गाढ़ा (●) करना होगा ।

5) दिए गये प्रश्नपत्र में उपर दाहिनी ओर प्रश्नपत्र सेट नंबर को **O.M.R** शीट में उपलब्ध कॉलम में लिखिए ।

---

1) भारतीय संस्कृति के गायक थे।

(A) मैथिलीशरण गुप्त

(B) धर्मवीर भारती

(C) रामदरश मिश्र

(D) कैलास बाजपाई

2) कवि 'सुमन' के अनुसार मिट्टी की महिमा किस में है?

(A) मिटने में

(B) बँटने में

(C) डटने में

(D) घटने में

3) कवि धर्मवीर भारती के अनुसार कौन टुटे हुए पहिये का आश्रय लेगी?

(A) शांति

(B) मानवता

(C) न्याय प्रियता

(D) सच्चाई

4) प्राचीन भारत का एक लोकनायक ............

(A) नारद

(B) भरत

(C) अशोक

(D) चंद्रगुप्त

5) कवि 'दिनकर' के अनुसार क्रन्दन, अश्रु और आशावादिता किसके लक्षण है?

(A) मानवता

(B) कायरता

(C) आत्मबल

(D) भक्ति

6) कवि दिनकर जी के अनुसार आशा का दिपक किसे जलाए रखना है?

(A) भीम

(B) भीष्मपिता

(C) दुर्योधन

(D) धर्मराज

7) कवि नीरज संसार को क्या सिखाते है?

(A) जागो और जगाओ

(B) पढ़ो और पढ़ने दो

(C) जियो और जीने दो

(D) बढ़ो और बढ़ने दो

8) कवि नीरज जी हमें क्या बाँटने के लिए कहते है?

(A) प्यार

(B) संसार

(C) परिवार

(D) अधिकार

9) पूजा की बेला में कौन झरेंगे?

(A) बैर

(B) ज्वार

(C) खजूर

(D) धान

10) रामदरश मिश्र को दूर ही दूर से बुलाते है ...........

(A) उसके मित्र

(B) प्रकृति के रहस्य

(C) उसके मृत पूर्वज

(D) आकाश के तारे

11) किसके ओठों पर कवि का नाम थरथराता है?

(A) अजनबी

(B) हवा

(C) लहर

(D) प्रियतमा

12) रामेश्वर शुक्ल का उपनाम क्या हैं?

(A) 'सुमन'

(B) 'अंचल'

(C) 'अज्ञेय'

(D) 'दिनकर'

13) कवि रामेश्वर शुक्ल कैसे मार्ग बदलने के लिए कहते है?

(A) टूटे – फटे

(B) टेढ़े – मेढ़े

(C) चिर जर्जर

(D) बहुत पुराने

14) रसखानि भक्त थे .............

(A) श्री कृष्ण

(B) श्री राम

(C) विष्णु के

(D) शीव के

15) औरत के सिर पर क्या है?

(A) बक्सा

(B) बच्चा

(C) टोकरी

(D) गठरी

16) ममता को किस धर्म का पालन करना था?

(A) अतिथिधर्म

(B) हिन्दुधर्म

(C) मानवधर्म

(D) पारसीधर्म

17) अमीर बाप का बेटा कैसा था?

(A) मेहनती

(B) चतुर

(C) ईमानदार

(D) आराम मतलब

18) किसके नाखून तक भी कमल के थे?

(A) रहीम

(B) राम

(C) महावीर

(D) बुध्द

19) गोबर घर से भागकर कहाँ गया था?

(A) कानपुर

(B) लखनऊ

(C) कोलकत्ता

(D) मुंबई

20) देवेन्द्रनाथ शर्मा के अनुसार घर की रक्षा कौन करता है?

(A) ताला

(B) चोकीदार

(C) समाज

(D) भगवान

21) 'कोणार्क आतंकी के हाथ का खिलौना' कौन कहता है?

(A) सौम्य

(B) विशु

(C) चालुक्य

(D) धर्मपद

22) गोलंबर के पास की गई आवाज कितनी बार प्रतिध्वनित होता है?

(A) दो बार

(B) चार

(C) छः

(D) आठ

23) सिंगापुर का पुराना नाम ...........

(A) रंगून

(B) जाकार्ता

(C) तामसेक

(D) तहेरान

24) टर्नर कहाँ चित्रकार था।

(A) अमेरिका

(B) स्पेन

(C) रशिया

(D) इंग्लैन्ड

25) किस खेल में मुरली को सबसे अधिक दिलचस्पी थी?

(A) तैराकी

(B) निशानेबाजी

(C) मुक्केबाजी

(D) गोलाफेंक

26) पृच्छल तारे की खोज किसने की?

(A) सुनीलदत्ता

(B) मनोजदत्ता

(C) सरोजदत्ता

(D) सत्तीशदत्ता

27) प्रियांशु पापा को कहाँ भेजना नहीं चाहता?

(A) अमेरिका

(B) वृध्दाश्रम

(C) तीर्थयात्रा

(D) आफ्रिका

28) महात्मा गांधी ने गाय को कहा है .........

(A) धर्म की मूर्ति

(B) मातृत्व की प्रतिमा

(C) करूणा की कविता

(D) वात्सल्य की देवी

29) किस भावना से मनुष्य की आत्मा ओतप्रोत रहनी चाहिए?

(A) हिंसा की

(B) अहिंसा की

(C) क्रान्ति की

(D) वीरता की

30) कौन–सी नदी अपना जल सुरक्षित रख सकी है ?

(A) नर्मदा

(B) कृष्णा

(C) गोदावरी

(D) यमुना

31) निम्नलिखित संधि में से कौन सी संधि गलत है?

(A) शिलालेख = शिला + आलेख

(B) दिपालोक = दीप + आलोक

(C) भग्नावशेष = भग्ना + वशेष

(D) अनर्थ = अन् + अर्थ

32) निम्नलिखित शब्द का सही संधि विग्रह बताइए :

सदाचार

(A) सत् + आचार

(B) सदा + चार

(C) सद् + आचार

(D) स + दाचार

33) निम्नलिखित में से कर्मधारय समास बताइए :

(A) सत्यव्रता

(B) घनश्याम

(C) हंससुत्ता

(D) मदुमाता

34) गौरा वास्तव में बहुत प्रियदर्शन थी रेखांकित समास का प्रकार बताइए :

(A) कर्मधारय

(B) द्विगु

(C) बहुव्रीही

(D) तत्पुरूष

35) पछुआ शब्द के लिए उचित शब्द समुह ..........

(A) किसी के पीछे चलनेवाला

(B) जिसे किसने स्पर्श नही किया है।

(C) पाँव में पहना जानेवाला एक आभूषण

(D) पश्चिम दिशा से आनेवाली हवा

36) ''पत्थर पर खुदा अभिलेख'' शब्द समुह के लिए एक शब्द बताइए :

(A) पत्थर लिपि (B) पाषाण लेख

(C) पापाणनीलेख (D) शिलालेख

37) 'हम अपना कर्तव्य समझते है।' वाक्य का भूतकाल में परिवर्तन इस प्रकार होगा।

(A) हम अपना कर्तव्य समझा

(B) हमने अपना कर्तव्य समझी

(C) हमने अपना कर्तव्य समझा

(D) हम अपना कर्तव्य समझे

38) ''शिल्पी की पराजय नहीं होंगी'' वाक्य में काल बताइए :

(A) भविष्यकाल (B) सामान्य वर्तमानकाल

(C) सामान्य भूतकाल (D) पूर्ण भूतकाल

39) कारीगर शब्द की भाववाचक संज्ञा बताइए :

(A) कारगरी

(B) कारागर

(C) करागारा

(D) कारीगरी

40) ''बस, उसी का डर है।'' वाक्य में से भाववाचक संज्ञा बताइए :

(A) बस (B) डर

(C) उसीका (D) है।

41) 'इतिहास' शब्द की कर्तृवाचक संज्ञा बताइए :

(A) ऐतिहासिक
(B) इतिहासिक
(C) इतिहासकार
(D) इतिहासकर्ता

42) कर्तृवाचक संज्ञा की सही जोड़ बताईए :

(A) प्रेरणा – प्रेरक
(B) प्रेरणा – प्रेरित
(C) प्रेरणा – प्रेराक
(D) प्रेरणा – पेकर

43) पर्यायवाची शब्दो की गलत जोड़ बताइए :

(A) चाँद – शशि
(B) सदा – हमेशा
(C) शायद – कदाचित
(D) नाता – नाविक

44) पर्यायवाची शब्दों की सही जोड़ बताईए :

(A) अमीर – धनवान
(B) चैन – बेचैन
(C) संध्या – प्रभात
(D) प्यार – नफरत

45) 'उचित' शब्द का विरोधी शब्द ...........

(A) समुचित
(B) किचिंत
(C) अनुचित
(D) कदाचित

46) निम्नलिखित विरोधी शब्दों की जोड़ मे से अनुचित जोड़ बताइए :

(A) धरती – आकाश
(B) होनी – अनहोनी
(C) उर्वर – उपजाऊ
(D) अमर – मर्त्य

47) ''चुनौती देना'' मुहावरे का सही अर्थ बताइए :

(A) सजा देना

(B) रिश्वत लेना

(C) ललकारना

(D) दुत्कारना

48) अर्थ के अनुसार कहावत बताइए :

– नाम के विपरीत व्यक्तितत्व होना

(A) नामबड़े और दर्शन छोटे

(B) ऊँची दुकान फ़ीका पकवान

(C) दूर से ढोल लागें सुहावने

(D) आँख के अंधे, नाम नयनसुख

49) स्थानवाचक क्रिया विशेषण बताईए :

(A) कितना

(B) यहाँ

(C) चुपचाप

(D) सहसा

50) ''पठान सैनिक दुर्गभर में फैल गए। ममता न मिली'' किसी संयोजन का प्रयोग करने पर संयुक्त वाक्य बनेगा ?

(A) तो

(B) और

(C) पर

(D) बल्कि

# 14 (H)

(MARCH, 2017)

---

## (Part - B)

*Time : 2 Hours]* *[Maximum Marks : 50*

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) प्रश्नपत्र के **Part - B** में चार विभाग है और कुल **1** से **21** प्रश्न है।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। आंतरिक विकल्प दिये गये है।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए है।
5) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए।
6) प्रश्नों का जवाब क्रमानुसार दीजिये।

---

### विभाग- A

■ **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : (किन्ही चार)** [8]

1) तुलसीदास की दृष्टि में विपत्ति के साथी कौन कौन है?

2) कवि अज्ञेयजी किसकी आस्था है?

3) विद्याधर और गिरधारी जी की क्या विशेषता है?

4) लक्ष्मण को किस किस की शपथ है?

5) राधा कृष्ण को रंग डालने से क्यों मना कर रही है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो तीन वाक्यों में लिखिए : (किन्ही दो) [4]

6) जड़वाद को दूर करने के लिए क्या करना चाहिए?

7) गौरा की मृत्यु की वजह क्या थी?

8) आई. आई. ए. संस्था कहाँ है? इसका महत्व क्या है?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : (किसी एक) [3]

9) रेवाकुण्ड का वर्णन अपने शब्दों में किजिए :

10) श्रेया ने अपनी सासुमाँ से क्या आग्रह किया? क्यों?

## विभाग - B

■ रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध (सीख) लिखिए : [5]

11) एक ग्वाला - दूध बेचना - दूध में पानी मिलाना - अमीर बनना - भैंस खरीदने के लिए निकलना - रास्ते में गहरा तालाब - पैसों की थैली किनारे पर रखना - स्नान करना - बंदर थैली उठाना - पैसे फेंकना - कुछ जमीन पर - कुछ पानी में - सीख।

■ निम्नलिखित पद्यांशों का भावार्थ याने विचार विस्तार लिखो। [5]

12) दु:ख में सुमिरन सब करै,
सुख में करे न कोई।
जो सुख में सुमिरन करै,
तो दु:ख काहे को होय।।

अथवा

अमर रहेगा इतिहासों में,
गाथा इस अभियान की।
पूजा होगी अब धरती पर
मेहनतकश इंसान की।।

## विभाग - C

■ **परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** [5]

जीवन में साहित्य की उपयोगिता अनिवार्य है। साहित्य मानव–जीवन को वाणी देने के साथ समाज का पथ प्रदर्शन भी करता है। उपयोगिता की दृष्टि से देखें तो साहित्य के अध्ययन से अनेक लाभ हैं। साहित्य मानव जीवन के अतीत का ज्ञान कराता हैं। वर्तमान का यथार्थ चित्रण करता हैं। और भविष्य के निर्माण की प्रेरणा देता है। प्रत्येक आनेवाला युग और समाज इससे प्रेरणा लेता है। साहित्य ही हमें मनुष्य की कोटी में बनाए रखता है। किसी समाज का साहित्य क्षीण होने लगे तो वह समाज भी रसातल को चला जाता है। साहित्य समाज के साथ कार्य करते हुए भी समाज के लिए प्रकाश के स्तंभ का कार्य करता है। साहित्य का आलोक पूँज सूर्य की भाँति समाज के समस्त विकारों का हरण करता है; तभी वह सत् साहित्य कहलाता है।

13) साहित्य के अध्ययन से कौन – सा लाभ होता है?

14) सत् साहित्य किसे कहा जा सकता है?

15) साहित्य क्या कार्य करता है?

16) साहित्य क्षीण होता है तब समाज को क्या होता है?

17) इस गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए।

■ **निम्नलिखित सुचनानुसार पत्र लिखिए :** [5]

18) 60, वैष्णव वाटिका पांचबटी भरुच से खुश्बु वड़ोदरा – निवासी अपनी सखी दिपाली को हमारे जीवन में वृक्षों का महत्व समझाती हुई पत्र लिखती है?

■ निम्नलिखित अहवाल (वृतांत) लिखिए : [5]

19) अपनी पाठशाला में मनाए गए पर्यावरण दिन के कार्यक्रम के बारे में करीब पचास शब्दों में अहवाल लिखिए :

## विभाग - D

■ भाषा शुद्धि को ध्यान में रखकर परिच्छेद फिर से लिखिए : [2]

20) सारा बुध्दिमान एक साथ बैठा। कई दिन के सोच – विचार का वाद। उन्होने अपना निर्णय दिए। वह कलिंग का राजा को भी पसंद आया!

■ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों मे निबंध लिखिए : [8]

21) गाय : भारतीय संस्कृति का प्रतिक

प्रस्तावना – गाय के प्रति लोक भावना – मालीक के साथ व्यवहार – समाज में गो माता की उपाधि – समाज में धन के रूप में गाय – कृषि–कार्य में गाय का महत्व ---

अथवा

आयो फागुन, ले आया होली।

भारत और त्यौहार – होली के समय की प्रकृति की सुंदरता – सबंधित पौराणिक लोककथाएँ – होली का वर्णन – आनंद नृत्य और गीत दोषों का निवारण।